पंजाब केसरी ०४/१२/२०२४

आज प्रत्येक घर में गीता का होना परम आवश्यक : डा. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में गीता के श्लोकों का उच्चारण करते विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 3 दिसम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के उपदेशों का अनुसरण करते हुए संस्कृत विभाग और हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'गीता का गान' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों से गीता के श्लोकों का उच्चारण करवाया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आज के आधुनिक युग में प्रत्येक घर में गीता का होना परम आवश्यक है। साथ ही साथ प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में गीता का उच्चारण करते रहना चाहिए और उसका अनुसरण करते रहना चाहिए।

700 श्लोक से परिपूर्ण गीता एक ऐसा ग्रंथ है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन के हर मार्ग को अपना सकता है जैसे ज्ञान मार्ग, कर्म मार्ग, भक्ति मार्ग एवं संख्या मार्ग इत्यादि। इस कार्यक्रम के अंतर्गत श्लोकोच्चारण करवाएं और साथ ही गीता में बताएं मार्ग पर चलने के प्रेरित किया गया।